# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2023-24

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## शुक्रवार 15 मार्च, 2024

### मुख्य अतिथि

## श्री यादविन्द्र गोमा जी

माननीय आयुष, कानून, युवा एवं खेल मंत्री (हि0प्र0)

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

जिला कांगड़ा (हि0प्र0)

Scanned with OKEN Scanner

# वार्षिक प्रतिवेदन 2023–2024

आदरणीय श्री यादविन्द्र गोमा जी, माननीय मन्त्री आयुष, युवा सेवाएं, खेल व कानून एवं विधि विभाग हिमाचल सरकार, आज आपको इस महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में अपने बीच पा कर हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मान्यवर, आपने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद इस समारोह में पधार कर हमें अनुग्रहित किया है। इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका अत्यन्त आभारी है। मैं शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग, पी0टी0ए0 तथा समस्त विद्यार्थियों व अपनी ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती हूँ। इसके अतिरिक्त हम सभी, इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्यों का भी हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करते हैं।

ऊँची धौलाधार पर्वत श्रृंखला की तलहटी में महंद खड्ड के किनारे शांत परिवेश में स्थित राजकीय महाविद्यालय शिवनगर, पूर्व में स्थानीय लोगों के सहयोग से निजी महाविद्यालय के रूप में 1993 से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र सहारा रहा है। 30 नवम्बर, 2015 को इस महाविद्यालय का सरकारीकरण तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा माननीय विधायक श्री यादविन्द्र गोमा जी के अथक प्रयासों से किया गया। तब से यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में साधना का केन्द बना हुआ है। महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया जाता है ताकि वे एक आदर्श नागरिक बन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। वर्तमान सत्र में इस शिक्षण संस्थान में कला व वाणिज्य दोनो संकायों में 102 छात्र व छात्राऐं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिसमें 37 छात्र एवं 65 छात्राएं हैं।

आज का यह दिन सभी पुंरस्कार विजेताओं के लिए महत्वपूर्ण व स्मृतियों को संजोने का है। विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने पर उन्हें आज पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ।



Scanned with OKEN Scanner

शिक्षक वर्ग–

महाविद्यालय में शिक्षकों के 11 पद सृजित हैं, जिनमें से प्राचार्य के रिक्त पड़े पद का कार्यभार डा० संगीता सिंह ने संभाला। इसके अतिरिक्त राजनीति शास्त्र विषय के प्राध्यापक का पद रिक्त पड़ा है। इस वर्ष प्रो० डा० नीतिका शर्मा वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से स्थानांतरित होकर इस महाविद्यालय में आई हैं। इसके अलावा प्रो० योगेश पाण्डेय हिन्दी विभाग में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हुए हैं। इसके साथ ही प्रो० सुमिक्षल सूद गणित विभाग महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए हैं।

## गैर शिक्षक वर्ग–

गैर शिक्षक कर्मचारियों के आठ पद सृजित हैं, जिसमें से एक पद कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–II, एक पद लिपिक तथा एक पद तबला वादक का रिक्त पड़ा है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के कुशल संचालन के लिए एक पद चौकीदार और दो अतिरिक्त पद चपरासी के सृजित होने अति आवश्यक हैं।

## परीक्षा परिणाम–

किसी भी शिक्षण संस्थान की जमा पूंजी उसके छात्र–छात्राऐं होते हैं। उनके विकास में ही महाविद्यालय एवं संस्थान का विकास निहित होता है। महाविद्यालय का प्राथमिक कार्य शिक्षा ही होता है। हमें आपको बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि विगत वर्ष का हमारा परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा है।

## छात्रवृत्तियां–

छात्र–छात्राओं को उत्तम शिक्षा प्रदान करने हेतु केन्द्रीय एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022–23 के दोनों संकायों के कुल 21 छात्र एवं छात्राओं ने आवेदन किया है, जिसमें दो छात्राऐं" कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना" के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त कर रही हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2022–23 में केन्द्र द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए "पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना" के तहत 08, आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए "प्रधानमन्त्री यशस्वी पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना" के तहत 02 जबकि इसी योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के 08 छात्रों तथा शारीरिक रूप से अक्षम छात्रों के लिए "पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना" के लिए एक छात्र, छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। सत्र 2023–24 के लिए कल्पना चावला छात्रवृत्ति



Scanned with OKEN Scanner

योजना के तहत 04 विद्यार्थियों ने, आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए ''प्रधानमन्त्री यशस्वी पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना'' के तहत 08, आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए ''प्रधानमन्त्री यशस्वी पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना'' के तहत 04 बच्चों ने और केन्द्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत अनुसूचित जाति के 08 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है।

## सांस्कृतिक गतिविधियां–

छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए अध्ययन के अतिरिक्त सांस्कृतिक गतिविधियों का भी अपना एक विशेष महत्त्व है। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अपनी अंतर्निहित प्रतिभा को निखार सकें, इस उद्देश्य से महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जैसे भाषण, चित्रकला, नारा लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता इत्यादि। इसी क्रम में महाविद्यालय द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय थुरल द्वारा 11 अक्तूबर, 2023 को आयोजित लोकगीत प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में 4 छात्र एवं छात्राओं ने डा0 उज्ज्वल कटोच के मार्गदर्शन में भाग लिया, जिसमें दो विद्यार्थियों ने लोकगीत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता–

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है– इस उक्ति की सार्थकता एवं छात्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभा के निखार के उद्देश्य से महाविद्यालय में प्रतिवर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह प्रतियोगिता 23 दिसंबर, 2023 को खेल–प्रभारी प्रो0 राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, भाला फैंक, डिसकस थ्रो, शॉटपुट, लम्बीकूद एवं ऊँची कूद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लड़कों में युवराज बी0ए0 प्रथम वर्ष और लड़कियों में सलोनी बी0ए0 तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## कॉलेज छात्र केन्द्रीय संघ–

कालेज छात्र केन्द्रीय संघ का कार्य महाविद्यालय तथा छात्रों के बीच



Scanned with OKEN Scanner

समन्वय स्थापित करना एवं छात्रों की विभिन्न समस्याओं को महाविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखना और उनका निवारण करवाना है। सत्र 2023–24 के लिए महाविद्यालय में छात्र केन्द्रीय संघ का गठन शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अंजली बी० कॉम तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए तमन्ना बी० ए० तृतीय वर्ष, महासचिव आयुष बी० कॉम द्वितीय वर्ष, संयुक्त सचिव के लिए पलक बी० कॉम प्रथम वर्ष को चुना गया।

**शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां–**

डा० शमशेर सिंह राणा, इतिहास विभाग ने 6 से 20 जुलाई, 2023 तक रामानुजन महाविद्यालय नई दिल्ली द्वारा Managing Online Classes and Co-creating MOOCS विषय पर आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रो० संजीव शर्मा अर्थशास्त्र विभाग ने 21 जुलाई 2023 को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय पालमपुर द्वारा 29 दिसंबर, 2023 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में Conservation of Bio-diversity : A Way Forward to Sustainable Development विषय पर लेख प्रस्तुत किया। PRTI बैजनाथ द्वारा Data Management विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

प्रो० राजेश कुमार अंग्रेजी विभाग ने 21 जुलाई से 4 अगस्त, 2023 तक रामानुजन कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा Advanced Research Methodology विषय पर आयोजित द्वि–साप्ताहिक पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय पालमपुर द्वारा 29 दिसंबर, 2023 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में Resillient Futures : Adapting to Climate Variabilities in Agriculture Economy and Environment विषय पर लेख प्रस्तुत किया। इसके अलावा नवंबर, 2023 में HIPA द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रो० डॉ० उज्ज्वल कटोच संगीत विभाग ने अपने अध्यापन कार्य के अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी भाग लिया। संगीत विषय के साथ–साथ अन्य वर्तमान विभिन्न सामाजिक विषयों पर राष्ट्रीय समाचार पत्र दैनिक जागरण के पाठकनामा स्तंभ में निरंतर लेख लिखे। इसके अलावा हिमाचल दस्तक साप्ताहिक समाचार पत्र गिरिराज में विभिन्न विषयों पर लेख प्रकाशित हुए। इसके अतिरिक्त संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रकाशित होने वाले



Scanned with OKEN Scanner

साप्ताहिक समाचार पत्र "हम हिन्दुस्तानी" में लेख प्रस्तुत प्रकाशित किया। इसके अतिरिक्त 14 सितंबर, 2023 से 27 सितंबर, 2023 तक डा0 हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित ऑन लाइन पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया। दिव्य हिमाचल समाचार पत्र द्वारा प्रायोजित "हिमाचल की आवाज–2023" के सेमीफाइनल में बतौर निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्रो0 डा0 नीतिका शर्मा वाणिज्य विभाग ने 31 जुलाई से 14 अगस्त, 2023 तक रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित द्वि–साप्ताहिक पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश द्वारा 22–23 सितंबर, 2023 को Achieving Sustainable Development Goals in North-Western Region विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा 1 अक्तूबर से 4 अक्तूबर, 2023 तक Tribal Identity in India : Issues, Challenges and the Road Ahead विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। इसके अलावा शहीद कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय पालमपुर द्वारा 29 दिसंबर, 2023 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लिया। सी0 एस0 एस0 आर0 और एस0 आर0 आर0 एम0 स्नातक व स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा Tally Prime 4.0 and SAPFICO विषय पर द्वि–दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। इसके अलावा नवंबर, 2023 में HIPA द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रो0 विवेकानन्द शर्मा संस्कृत विभाग ने पंडित मदन मोहन मालवीय National Mission on Teachers and Teachings द्वारा 12 से 20 जून, 2023 तक आयोजित Professional Development Programme में भाग लिया। 6 से 20 जुलाई, 2023 तक रामानुजन महाविद्यालय नई दिल्ली द्वारा Managing Online Classes and Co-creating MOOCS विषय पर आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त 30 सितंबर, 2023 तथा 31 अक्तूबर, 2023 को श्री शिक्षायतन वैदिक शोध संस्थान द्वारा समायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया।

प्रो0 योगेश पाण्डेय हिन्दी विभाग द्वारा तेलंगाना में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में समकालीन हिन्दी कविता में मानवीय संवेदना के स्वर विषय पर गोपाल राव पाटिल राजकीय डिग्री महाविद्यालय में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। हिमाचल प्रदेश के शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में एक दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में समकालीन हिन्दी कविता में पर्यावरण चेतना विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।



Scanned with OKEN Scanner

### अभिभावक–अध्यापक संघ–

अभिभावक–अध्यापक संघ सदैव ही महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। अभिभावक, छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अभिभावक–अध्यापक संघ का गठन 09 सितम्बर, 2023 को किया गया। इसमें अध्यक्ष श्री विनोद कुमार, उपाध्यक्ष प्रो0 संजीव शर्मा, सचिव प्रो0 योगेश पाण्डेय, संयुक्त सचिव श्री जरनैल सिंह, मुख्य सलाहकार श्रीमती बबली देवी, कोषाध्यक्ष श्री राजीव कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में श्रीमती पूजा देवी, श्रीमती रंजना देवी, श्री विजय कुमार, श्री नेक चंद, प्रो0 शिखा धरवाल, प्रो0 उज्ज्वल कटोच व प्रो0 विवेकानन्द शर्मा को चुना गया। लेखाकार के रूप में श्री विनोद कुमार तथा डा0 नीतिका शर्मा को चुना गया।

मैं अपनी, शिक्षक एवं गैर–शिक्षक वर्ग की ओर से समस्त पी0टी0ए0 कार्यकारिणी का दिल की गहराईयों से इनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ, और यह स्नेहिल संबंध यूँ ही बना रहे, ऐसी कामना करती हूँ।

### महाविद्यालय पत्रिका–

महाविद्यालय में छात्रों के सृजनात्मक विकास एवं उनमें छिपी प्रतिभा को जागृत करने के लिए महाविद्यालय में प्रतिवर्ष "शिवांक" नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। वार्षिक पत्रिका छात्रों के लिए उनके भावों एवं विचारों को मूर्त रूप देने का अवसर प्रदान करती है, साथ ही साथ उनके लेखन कौशल को भी निखारती है। यह पत्रिका अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, योजना एवं पहाड़ी अनुभाग में प्रकाशित की जाती है।

### पुस्तकालय–

किसी भी शिक्षण संस्थान में पुस्तकालय का महत्त्व सर्वविदित है। पुस्तकालय वह स्थान है जहां छात्र पाठ्यक्रम एवं अन्य पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञानार्जन करते हैं। महाविद्यालय में लगभग 60 छात्रों के बैठने की क्षमता वाला पुस्तकालय उपलब्ध है, जिसमें लगभग 2187 पुस्तकें हैं जिनमें से 1351 पाठ्य पुस्तकें तथा 836 संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 2 हिन्दी तथा एक अंग्रेजी समाचार पत्र और 3 पत्रिकाएं तथा एक रोजगार समाचार पत्र छात्रों को अध्ययन के लिए उपलब्ध हैं।

Scanned with OKEN Scanner

## रेड रिबन क्लब–

छात्रों एवं समाज को एड्स, नशे एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए महाविद्यालय में 'रेड रिबन क्लब' का गठन किया गया है। वर्तमान में डा0 नीतिका शर्मा इस क्लब की प्रभारी हैं इन्होंने इस क्लब के अंतर्गत 3 नवंबर, 2023 को राजीव गांधी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में एक दिवसीय ट्रेनिंग–कम–ऑरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद महाविद्यालय में 9 नवंबर, 2023 को नशा मुक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर 30 नवंबर, 2023 एवं 1 दिसंबर, 2023 को पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत एक 'मानव श्रृंखला' बना कर एड्स जागरुकता का संदेश दिया गया। 9 फरवरी, 2024 को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। 14 फरवरी, 2024 को ''लव फॉर ऑल', 'केयर फॉर ऑल' एंड टीबी'' थीम पर स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल–

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भविष्य को रोजगारोन्मुखी बनाने और उन्हें रोजगार के अवसरों की जानकारी एवं मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है। इस सत्र में सेल द्वारा 2 मार्च, 2024 को एचडीएफसी के सहायक प्रबंधक श्री भूपेन्द्र डोगरा ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से परिचित करवाया। 27 फरवरी, 2024 को प्राचार्या डा0 संगीता सिंह द्वारा भाषा संबंधी रोजगार के अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त 11 मार्च, 2024 को बद्दी महाविद्यालय के वरिष्ठ मार्केटिंग कार्यकारी श्री राज कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में अवगत करवाया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना–

महोदय इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की आधी इकाई स्वीकृत है, जिसमें 50 स्वयं सेवी नामांकित हैं। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 विवेकानंद शर्मा के नेतृत्व में स्वयं सेवियों द्वारा समाज सेवा, पर्यावरण एवं स्वच्छता संबंधी जागरुकता और छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

सत्र 2023–24 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए गए मुख्य कार्यों में "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अन्तर्गत 09 अगस्त, 2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर एवं आस–पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया। 18 सितंबर, 2023 को ओजोन दिवस के उपलक्ष्य पर नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 सितंबर, 2024 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई एवं स्वयं सेवियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसके बाद 13 अक्तूबर, 2023 को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 10 नवंबर, 2023 को नशा मुक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्राचार्य डा0 लखलनपाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। 19 नवंबर, 2023 को इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। इसके उपरांत 26 नवंबर, 2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संविधान की मूल भावना को आत्मसात करने के लिए प्रस्तावना का वाचन एवं अनुवाचन किया। 5 दिसंबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 20 दिसंबर, 2023 से 26 दिसंबर, 2023 तक इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गतिविधियों द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास का प्रयास किया गया। 16 फरवरी, 2024 को मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 26 एवं 27 फरवरी, 2024 को मतदाता जागरुकता के लिए पेंटिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 1 मार्च, 2024 को इसी अभियान के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो0 संजीव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। 6 मार्च, 2024 को महाविद्यालय परिसर की सफ़ाई के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

**ईको क्लब–**

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में छात्रों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से 'ईको क्लब' का गठन किया गया है। इस क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्रों को जागरुक करने के लिए समय–समय पर भिन्न–भिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थी प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व को समझें। इसी उद्देश्य से "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अन्तर्गत 09 अगस्त, 2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने महाविद्यालय प्रांगण में पेड़–पौधे लगाए।



Scanned with OKEN Scanner

21 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय इकाई द्वारा ब्लोटू खेल मैदान की सफाई की गई।

## महिला शिकायत निवारण सैल–

महाविद्यालय में कार्यरत महिलाओं एवं छात्राओं की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से महिला शिकायत निवारण सैल का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत 21 दिसंबर, 2023 को 'लिंग संवेदीकरण' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके तहत क्वीर नामक एन0जी0ओ0 द्वारा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को जेंडर सेंसेटाइज़ेशन के विषय में जागरुक किया गया। इसके अलावा 7 मार्च, 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके एक कार्यक्रम कर आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में उपमंडलाधिकारी पालमपुर नेत्रा मेती ने शिरकत की। उन्होंने समाज एवं हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका एवं उनके योगदान तथा महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## सड़क सुरक्षा क्लब–

आज के इस मशीनी युग में बहुत से ऐसे विषय हैं, जिनके बारे में लोगों को जागरुक करना बहुत आवश्यक है। उन्हीं विषयों में से एक विषय सड़क सुरक्षा भी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस वर्ष सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी प्रो0 उज्ज्वल कटोच के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके तहत 10 नवंबर, 2023 को पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 25 छात्रों ने भाग लिया। 21 नवंबर, 2023 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 77 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 25 नवंबर, 2023 को सड़क सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरुक करने के उद्देश्य से एक रैली आयोजित की गई, जिसमें 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 30 नवंबर, 2023 को नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 12 फरवरी, 2024 को सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न नियमों की जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें ए0एस0आई0 लंबागांव पुलिस श्री देशराज डोगरा ने विषय से संबंधित महत्त्वपूर्ण विचार सबके सामने रखे। इसके उपरांत एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 9 मार्च, 2024 को सड़क सुरक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जबकि 11 मार्च, 2024 को सड़क सुरक्षा पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

## रोवर एंड रेंजर–

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में रोवर एंड रेंजर झंडा दिवस 07 नवंबर, 2023 के अवसर पर छात्र–छात्राओं ने झंडा फहराया। इसके अतिरिक्त 25 नवंबर, 2023 को रोवर एंड रेंजर इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत विषय पर एक रैली का आयोजन किया गया। इस इकाई में कुल 24 छात्र शामिल है, जिसमें 12 रोवर्स तथा 12 रेंजर्स हैं।

## उपलब्धियां–

1. तकनीकी युग में छात्र–छात्राओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में इंटरेक्टिव पैनल लगवाया गया है। जिससे शिक्षण पद्वति और नवीन ज्ञान से विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है।
2. महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सी0सी0टी0वी0 कैमरे भी लगवाए गए हैं।
3. वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच के लिए इंटरनेट को अनिवार्य माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में 'वाई–फाई' की व्यवस्था की गई है। जिससे बच्चों की आवश्यकता पूर्ण होने के साथ–साथ कार्यालय का कार्य भी सुचारु रूप से संपन्न हो पा रहा है।
4. महाविद्यालय के पुराने भवन का जीर्णोद्धार किया गया।
5. बालिकाओं की सुविधा के लिए महाविद्यालय में इन्सीनरेटर तथा बेंडिंग मशीन स्थापित की गई है।

## महाविद्यालय सम्बन्धी अपेक्षाएं–

- महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और माननीय विधायक जी आपके सहयोग से हम अगले शैक्षणिक सत्र में नए महाविद्यालय भवन में प्रवेश की अपेक्षा रखते हैं।
- महाविद्यालय परिसर के चारों ओर से खुला होने पर यहां आवारा एवं जंगली पशुओं एवं अन्य कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, अतः माननीय, महाविद्यालय परिसर के चारों ओर बॉउन्डरी वॉल का निर्माण करना अपेक्षित है।



Scanned with OKEN Scanner

- महाविद्यालय का अपना खेल का मैदान नहीं है जिस कारण छात्रों को खेलकूद प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः मान्यवर खेल मैदान निर्माण में अपका बहुमूल्य सहयोग आवश्यक है।

- इसी कम में महाविद्यालय में एक छात्र गतिविधि केन्द्र जिसमें सभागार, इंडोर स्पोर्टस जैसे टेबल टेनिस, बैडमिन्टन कोर्ट तथा जिम इत्यादि सुविधाएं अपेक्षित हैं।

- महाविद्यालय में प्रचलित पाठयकमों के अतिरिक्त यहां के छात्रों की मांग पर भूगोल तथा शारीरिक शिक्षा इत्यादि विषयों का शुरु किया जाना अपेक्षित है।

- इस क्षेत्र के बच्चे व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठयक्रमों के लिए अन्य महाविद्यालयों का रुख करते हैं अतः महोदय यहां पर बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 की कक्षाएं आरंभ करना महाविद्यालय की मुख्य मांगों में से एक है।

- अपशिष्ट प्रबंधन (वेस्ट मेनेजमेंट) – महाविद्यालय परिसर एवं आस–पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जहां से एकत्रित किए गए कचरे के निपटान के लिए महाविद्यालय को अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता है। अतः आप से निवेदन है कि इस संबंध में उचित प्रबंध किया जाए।

- पर्यावरण अनुकूलन वर्तमान समय की आवश्यकता है। इसकी पूर्ति के लिए नवीकरणीय ऊर्जा एक उत्तम साधन है। नवीकरणीय उर्जा के तहत सौर ऊर्जा की अथाह संभावना हमारे पास मौजूद है जिससे बिजली की निरंतर आपूर्ति के साथ महाविद्यालय पर्यावरण अनुकूल बनेगा। इसलिए आपसे विनम्र निवेदन है कि महाविद्यालय में सोलर पैनल का भी उचित प्रबंध करवाऐं।

- महाविद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के बैठने के लिए बैंच लगवाना तथा महाविद्यालय में कैंटीन की व्यवस्था की जानी अपेक्षित है।

मैं अपनी वाणी को विराम देने से पूर्व अपने अन्तःकरण की गहराइयों से मुख्यातिथि महोदय का आभार प्रकट करती हूँ कि आपने अपना बहुमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दिया व हमारे बीच पधार कर इस समारोह की गरिमा बढ़ाई। मैं धन्यवाद करती हूँ स्थानीय प्रशासन का, मीडिया



Scanned with OKEN Scanner

का, पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, जल शक्ति व जन स्वास्थ्य विभाग का जिन्होंने समय–समय पर हमें सहयोग दिया है। इसके अतिरिक्त मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, पी०टी०ए० सदस्यों, शिक्षक व गैर–शिक्षक सदस्यों की भी आभारी हूँ, जिन्होंने पूरी लगन व उत्तरदायित्व के साथ इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को बधाई देती हूँ और अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

धन्यवाद,

*जय हिन्द!*

दिनांक: 15.03.2024

*जय हिमाचल!*



Scanned with OKEN Scanner